मध्यप्रदेश शासन
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग

प्रशासकीय प्रतिवेदन

वर्ष 2003—2004

मंत्री	श्री बाबूलाल गौर
प्रमुख सचिव	श्री डी.एस.माथुर
आयुक्त सह सचिव	श्री एम.ए.खान (दिनांक17.6.2004 तक)
	श्री एम.गोपाल रेड्डी (दिनांक 18.6.2004 से)
उप सचिव	श्री बी.एस.बघेल
अवर सचिव	श्री आर.के.कोरी
अवर सचिव	श्री एन.के.यादव

प्रस्तावना

मध्यप्रदेश सरकार का हर विभाग चालू वित्तीय वर्ष के दौरान किये गये अपने कार्यो का लेखाजोखा वार्षिक प्रतिवेदन में प्रस्तुत करता है । इसी परिपाटी का निर्वाह करते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का वर्ष 2003–2004 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत है ।

(डी.एस.माथुर)
प्रमुख सचिव
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग

भोपाल
दिनांक जून, 2004

::भाग–एक::

(1.1) विभागीय संरचना

मध्यप्रदेश सरकार का नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग प्रदेश के नगरीय निकायों यथा नगरपालिक निगमों, नगरपालिका परिषदों और नगर पंचायतों का प्रशासकीय विभाग है । यह विभाग भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा प्रवर्तित शहरी गरीबी उन्मूलन की रोजगार मूलक योजनाएं भी नगरीय निकायों के सहयोग से संचालित करता है । विभाग के अधीन स्थापित संचालनालय, उसके संभागीय कार्यालयों और जिला शहरी विकास अभिकरणों के लिए स्वीकृत अमले का विवरण परिशिष्ठ–एक पर दर्शाया गया है ।

नगरीय निकायों को उच्च तकनीकी मार्गदर्शन और सेवाएं देने के लिए संचालनालय में यांत्रिकी प्रकोष्ठ स्थापित है जिसकी शाखाएं संभागीय स्तर पर उप–संचालक के कार्यालय में हैं । इसी प्रकार शहरी गरीबी उन्मूलन की येाजनाओं के क्रियान्वयन और पर्यवेक्षण के लिए जिला कलेक्टरों की अध्यक्षता में सभी 45 जिलों में जिला शहरी विकास अभिकरण कार्यरत हैं । राज्य स्तर पर भी विभागीय मंत्रीजी की अध्यक्षता में राज्य शहरी विकास अभिकरण गठित है और आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास इसके पदेन मुख्य कार्यपालन अधिकारी हैं ।

1.2 मध्यप्रदेश में कुल 337 नगरपालिक निकाय हैं जिनमें 14 नगर निगम, 86 नगरपालिका परिषदें और 237 नगर पंचायतें हैं ।

1.3 नगरीय निकायों का जिलेवार विवरण परिशिष्ठ–दो में दिया गया है ।

1.4 विभाग द्वारा प्रशासित अधिनियम

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रशासित अधिनियम निम्नानुसार है :–

1. मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956
2. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961
3. पशु अतिचार अधिनियम, 1971 (जहां तक कि वह नगरीय स्थानीय क्षेत्रों में लागू है)
4. विदिशा (भेलसा) रामलीला विधान, 1956
5. सिंहस्थ मेला अधिनियम
6. पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम (जहां तक कि वह नगरीय स्थानीय क्षेत्रों में लागू है)
7. स्लाटर आफ एनीमल्स एक्ट (जहां तक कि वह नगरीय स्थानीय क्षेत्रों में लागू है)

8 मध्यप्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम, 1984

9 मध्यप्रदेश गंदी बस्ती क्षेत्र (सुधार तथा निमूर्लन) अधिनियम, 1976

10 मध्यप्रदेश साईकल रिक्शा (अनुज्ञाप्तियों का विनियमन) अधिनियम, 1984 (क्रमांक–36 सन, 1984)

मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों के संचालन के लिए क्रमशः मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 और मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 बनाये गये हैं । इन अधिनियमों में निकायों के गठन, परिषदों के निर्वाचन, उनके कार्य संचालन, कर्त्तव्यों, शक्तियों और राज्य सरकार की भूमिका संबंधी विस्तृत प्रावधान है । उक्त अधिनियमों में नगरीय निकायों के वित्तीय स्त्रोतों और लगाये जाने वाले करों ओर फीस के बारे में स्पष्ट प्रावधान है ।

प्रदेश के नगरीय निकाय स्वायत्तशासी हैं । विभाग का दायित्व इन निकायों को उनके बुनियादी कर्त्तव्यों के निर्वहन में प्रशासकीय, वित्तीय और तकनीकी मामलों में आवश्यक परामर्श और सहयोग देना है । नगरीय निकायों के लेखाओं का अंकेक्षण संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, मध्यप्रदेश के द्वारा किया जाता है ।

::भाग–दो::

(बजट)

प्रदेश सरकार नगरीय निकायों को विभिन्न मदों में आर्थिक सहायता स्वीकृत करती है । इसके लिये विभाग के बजट में प्रावधान किया जाता है । विभाग के वर्ष 2003–2004 के बजट में नगरीय निकायों के लिये निम्नानुसार राशि का प्रावधान किया गया है :–

(1)	आयोजना	226.2516 करोड़
(2)	आयोजनेत्तर	700.9906 करोड़
	योग	927.2422 करोड़

विभाग के आयोजना मद में मुख्य रूप से सिंहस्थ मेले के लिये किया गया प्रावधान रूपये 151.4261 करोड़ का शामिल है । आयोजनेत्तर मद में मुख्य रूप से नगरीय निकायों को चुंगीकर, यात्री कर से हुई हानि, सड़को के मरम्मत और मूलभूत कार्यो के लिये अनुदान की राशि शामिल रहती है ।

वर्ष 2003–2004 में आयोजना और आयोजनेत्तर मदों में प्रावधानित राशि और प्राप्त आवंटन का विवरण परिशिष्ट–तीन पर है ।

भाग–तीन

राष्ट्रीय और प्रादेशिक योजनाएं

(अ) राष्ट्रीय योजनाएं

1 स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना

शहरों में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों को ऊपर उठाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी शहरों में भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना 1 दिसंबर 1997 से लागू है । इस योजना के तहत 75 प्रतिशत राशि भारत सरकार देती है जबकि 25 प्रतिशत राशि प्रदेश सरकार द्वारा दी जाती है । शहरी गरीबी रेखा का मापदण्ड इस समय प्रति व्यक्ति प्रति माह आय रूपये 522.64 से कम होना है । पूर्व सर्वेक्षण अनुसार इस समय प्रदेश में शहरी गरीब परिवारों की संख्या लगभग 9,22,000 है ।

इस येाजना के प्रमुख कार्यक्रम और लक्ष्य इस प्रकार है :–

1.1 शहरों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिये आर्थिक सहायता देकर गरीबी उन्मूलन करना इस योजना का लक्ष्य है ।

1.2 स्वरोजगार के लिये रूपये 50 हजार तक की परियेाजनाओं के लिये परियोजना लागत का 15 प्रतिशत या अधिकतम रूपये 7500/– अनुदान दिया जाता है । 80 प्रतिशत ऋण बैंक देते है । और 5 प्रतिशत सीमान्त राशि हितग्राही को लगाना होती है ।

1.3 स्वरोजगार कार्यक्रम में कुल लाभान्वित हितग्राहियों में 30 प्रतिशत महिला और 3 प्रतिशत विकलांग हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश हैं । इसी प्रकार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को स्थानीय आबादी में उनकी जनसंख्या के अनुपात में लाभान्वित किये जाने के निर्देश है ।

1.4 हितग्राहियों के कौशल उन्नयन के लिये विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण दिये जाने का प्रावधान है । जिनमें रूपये 2,000 प्रति हितग्राही के मान से खर्च की सीमा निर्धारित है । प्रशिक्षण अवधि कम से कम 300 घंटे होना चाहिये ।

1.5 महिला और बच्चों के विकास कार्यक्रम में कम से कम 10 महिला हितग्राहियों

के एक समूह को अधिकतम रूपये 1.25 लाख या परियेाजना लागत का 50 प्रतिशत जो भी कम हो अनुदान दिया जाता है । 5 प्रतिशत सीमांत राशि हितग्राहियों द्वारा लगायी जाती है और शेष राशि ऋण के रूप में बैंको से मिलती है ।

1.6 बचत और साख समिति घटक के तहत गरीब परिवारों की समिति गठित की जाती है जिसमें उन्हें छोटी छोटी बचत करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है ताकि जरूरत के समय वे समिति से ऋण प्राप्त कर सकें ।

1.7 शहरी मजदूरी रोजगार कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक परिसंपत्तियों का निर्माण कर मजदूरी के रूप में रोजगार उपलब्ध कराया जाता है । इस कार्यक्रम में निर्माण कार्य में सामग्री और श्रम पर खर्च का अनुपात 60:40 निर्धारित है । यह कार्यक्रम इस समय प्रदेश की नगर पंचायतों में लागू हे ।

1.8 येाजना के सामुदायिक संगठन घटक में सामुदायिक विकास समितियें के माध्यम से गरीबों के लिये शिक्षा, स्वास्थ्य , बालबाडी आदि गतिविधियां चलायी जाती है ।

1.9 <u>प्राप्त केन्द्रांश और राज्यांश</u>

येाजना के अंतर्गत वर्ष 2003–2004 में माह मार्च 2004 तक प्राप्त राशि की जानकारी निम्नानुसार है :–

(रूपये लाखों में)

क्रमांक	वर्ष	प्राप्त केन्द्रांश	प्राप्त राज्यांश	योग
1	2002–2003	683.93	227.97	911.90
2	2003–2004 (माह मार्च तक)	818.32	149.71	968.03

1.10 इस योजना के तहत वर्ष 2003–2004 के लिये नियत लक्ष्य और उसके विरूद्व माह मार्च 2004 तक की उपलब्धि निम्नानुसार है :–

(रूपये लाखों में)

क्र.	कार्यक्रम का नाम	रूपये लक्ष्य	हितग्राही	रूपये. उपलब्धि	
1	शहरी स्वरोजगार कार्यक्रम	174.90	2332	184.64	3767 हितग्राही
2	शहरी स्वरोजगार कार्यक्रम (प्रशिक्षण)	475.13	23757	181.66	9353 प्रशिक्षणार्थी

3	अधोसंरचना सहायता	117.21	—	49.54	148 सेवाकेन्द्र
4	शहरी मजदूरी रोजगार कार्यक्रम	361.07	240716 मानव दिवस	135.92	77269 मानवदिवस
5	महिला एवं बच्चों के विकास कार्यक्रम (अनुदान)	253.75	203 समूह	91.549	103 समूह
6	बचत एवं साख समिति	351.64	1407 समिति	74.02	735 समिति
7	सामुदायिक सगंठन घटक	306.11	—	105.955	619 बालबाडियां
8	सूचना शिक्षा एवं संप्रेक्षण	—	—	27.66	—
9	स्थानीय निकायों का सुदृढीकरण	—	—	28.10	—
10	प्रशासकीय व्यय	—	—	219.27	—
	योग	—	—	1048.31	—

टीपः—योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष में भारत सरकार से प्राप्त होने वाली राशि के संकेत के अनुसार लक्ष्यों का निर्धारण किया जाता है ।

2. राष्ट्रीय गंदी बस्ती विकास कार्यक्रम

राष्ट्रीय गंदी बस्ती विकास कार्यक्रम भारत सरकार के शत—प्रतिशत सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में भारत सरकार से 70 प्रतिशत ऋण और 30 प्रतिशत अनुदान प्राप्त होता है । कार्यक्रम के तहत प्रदेश के शहरों की घोषित गंदी बस्तियों में आबादी के आधार पर नीचे बताये गये कार्यो के लिए जिलों को आवंटन दिया जाता है । सभी निर्माण कार्य नगरीय निकायों के माध्यम से कराये जाते हैं ।

2.1 भौतिक मूलभूत सुविधायें

भौतिक मूलभूत सुविधाओं के अंतर्गत जलआपूर्ति, सामुदायिक स्नानगृह, भूमिगत नालियां, सामुदायिक शौचालय, सडक बत्तियां, गंदे पानी की निकासी आदि की व्यवस्था की जाती है ।

2.2 भौतिक अधोसरंचना

भौतिक अधोसरंचना के तहत सड़कें, भूमिगत जल–मल निकास, सतही नालियों आदि का निर्माण कराया जाता है ।

2.3 सामाजिक अधोसरंचना

इसके अंतर्गत आवास, आश्रय उन्नयन, पूर्व स्कूल शिक्षा के अलावा वयस्क शिक्षा, स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक भवन निर्माण आदि की व्यवस्था की जाती है ।

2.4 आवंटन और उपलब्धि

राष्ट्रीय गंदी बस्ती विकास कार्यक्रम में वर्ष 2002–2003 और वर्ष 2003–2004 में माह मार्च 2004 तक भारत सरकार से प्राप्त राशि, जिलों को जारी आवंटन और भौतिक तथा वित्तीय उपलब्धियों का विवरण निम्नानुसार है :–

(रूपये लाखों में)

स.क्र.	वर्ष	प्राप्त आवंटन	भौतिक लक्ष्य (हितग्राही)	वित्तीय उपलब्धि	भौतिक उपलब्धि	वित्तीय उपलब्धि का प्रतिशत
1	2002–2003	1611.00	241345	1558.27	194784	96.73
2	2003–2004	2352.00	294000	913.68	114210	38.85

टीप :– लोक सभा चुनाव के कारण आचार संहिता लागू होने से राशि का उपयोग नहीं हो सका है ।

3 <u>वाल्मिकी अम्बेडकर आवास योजना</u>

3.1 यह योजना 1 अप्रेल 2002 से प्रदेश में लागू है । इस योजना का उददेश्य शहरों में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले और कमजोर वर्ग के ऐसे झुग्गीवासियों को जिनके पास उपयुक्त आवास नहीं है, को आवास बनाने के लिये आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है ।

3.2 इसी योजना के साथ निर्मल भारत अभियान के नाम से एक सह योजना भी लागू की गई है, जिसका उददेश्य मलिन बस्तियों (अर्थात झुग्गी बस्तियों) में सामुदायिक शौचालयों और पेयजल की बेहतर सुविधा प्रदान करना है ।

3.3 योजना के अंतर्गत 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों में रूपये 50

हजार और शेष नगरों में रूपये 40 हजार प्रति आवासगृह के मान से आर्थिक सहायता हुडको के माध्यम से दी जाती है । जिसमें 50 प्रतिशत राशि भारत सरकार से अनुदान के रूप में और शेष 50 प्रतिशत ऋण के रूप में होती है ।

3.4 इस योजना के अंतर्गत 280 नगरीय निकायों के प्रस्ताव तैयार कर लिये हैं । जिनमें से 161 नगरों के 169 परियोजना प्रस्ताव हुडको द्वारा भारत सरकार की स्वीकृति के लिये प्रस्तुत कर दिये गये हैं । इन प्रस्तावों में रूपये 122.36 करोड की लागत से 25079 आवासों का निर्माण प्रस्तावित है ।

3.5 वित्तीय वर्ष 2002–2003 में भारत सरकार से 14 नगरों की 16 परियेाजनाओं में 4664 आवासगृह और 170 सीट सामुदायिक शौचालयों के लिये रूपये 934.78 लाख की राशि प्राप्त हुई । चालू वित्तीय वर्ष 2003–2004 में भारत सरकार से रूपये 801 लाख के आवंटन के संकेत है जिसके विरूद्व रूपये 255.22 लाख की राशि प्राप्त हुई है और 1214 मकानों की एक योजना में स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसमें रूपये 303.50 लाख का आवंटन प्राप्त होना अपेक्षित है । योजनांतर्गत वर्तमान तक 840 मकानों का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 1648 मकानों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है । इसके अतिरिक्त कुल 2193 मकानों के निर्माण की प्राक्रिया पूर्ण कर कार्य शुरू कराया जा रहा है ।

4. <u>शुष्क शौचालयों को जलवाहित शौचालयों में परिवर्तन</u>

4.1 प्रदेश के शहरों और कस्बो में स्थित शुष्क शौचालयों को जलवाहित शौचालयों में परिवर्तित करने की योजना राज्य की सर्वोच्य प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल है । इस योजना के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थित इस प्रकार है :–

क्रमांक	वर्ष 1999–2000 में चिन्हित शुष्क शौचालयों की संख्या	परिवर्तित शौचालयों की संख्या	शेष बचे शौचालयों की संख्या
1	506571	505056	1515

इस कार्य को स्वप्रेरणा से पूरा कराने के निर्देश प्रदेश की सभी नगरीय निकायों को दिए गए हैं ।

4.2 प्रदेश में सफाई कर्मचारी नियोजन और शुष्क शौचालय संन्निर्माण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1993 को अंगीकृत किया जा चुका है और प्रदेश की सभी 336 नगरीय निकायों के क्षेत्र में अधिसूचना जारी कर अधिनियम लागू किया गया है ।

4.3 प्रदेश की नगरीय निकायों द्वारा क्रमशः मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 208 एवं मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 196 के तहत शुष्क शौचालयों को जलवाहित शौचालयों में बदलने के लिए समय सीमा में कार्रवाई पूर्ण करने के लिए धारितों के विरूद्व कार्यवाही की जा रही है ।

4.4 शेष बचे 1515 शुष्क शौचालयों के परिवर्तन का कार्य विभागीय बजट से किया जाना लक्षित है ।

5. <u>जन श्री बीमा योजना</u>

5.1 यह योजना नगरीय क्षेत्रों में कमजोर वर्ग के लोगों एवं ''ए'' क्लास मंडी समितियों के हम्मालों के लिये भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से 26 जनवरी 2001 से एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में लागू की गई थी एवं वर्तमान में यह योजना समस्त नगरीय निकायों में लागू है । इस कारण पूर्व संचालित सामाजिक सुरक्षा समूह बीमा योजना समाप्त की गई है ।

5.2 इस येाजना के तहत एक सदस्य की प्रीमियम की राशि रूपये 200/– है । इसमें से रूपये 100/– भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा गठित सामाजिक सुरक्षा कोष से एवं शेष राशि रूपये 100/–हितग्राही द्वारा जमा की जाती है । हितग्राही के पक्ष में शासन द्वारा कोई राशि देय नहीं है ।

5.3 बीमाधनः– बीमित सदस्य का बीमाधन रूपये 20000/–है, अर्थात सदस्य की सामान्य मृत्यु होने पर बीमित व्यक्ति को उक्त राशि भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा दी जाती है ।

दुर्घटना बीमा लाभ :–

1. दुर्घटना में मृत्यु होने पर रूपये 50000/–
2. दुर्घटना में स्थायी पूर्ण अपंगता होने पर रूपये 50000/–
3. दुर्घटना में दो ऑख और दो हाथ पांव या एक आख और एक हाथ या पावं अक्षम होने पर रूपये 50000/–
4. दुर्घटना में एक आंख या एक हाथ या पावं से अक्षम होने पर रूपये 25000/– की धनराशि देय होती है ।

5.4 जनश्री बीमा योजना में माह मार्च 2004 तक 1257 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है ।

(ब) प्रादेशिक योजनाएं

1 राजीव स्वावलंबन योजना

1.1 शहरी क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे शिक्षित बेरोजगारों, विकलांगों, बेसहारा और परित्यक्ता महिलाओं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, सामान्य और अन्य पिछडा वर्गो के बेरोजगारों को अपना रोजगार स्थापित कर स्वावलम्बी बनाने के लिए इस योजना के तहत नगरीय निकाय दुकानें और गुमटियां बनाकर किराये पर उपलब्ध कराती है । इन दुकानों के निर्माण के लिए निकाय धनराशि की व्यवस्था स्वयं करती हैं ।

1.2 योजनांतर्गत प्रदेश की उपलब्धि का विवरण निम्नानुसार है :–

निर्मित दुकानों की संख्या	आवंटित दुकानों की संख्या	निर्माणाधीन दुकानों की संख्या	गुमटियों की संख्या
649	276	448	104

1.3 उपर्युक्त योजना के तहत 5000 से भी अधिक दुकानों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है जिसके लिये निकायों द्वारा भूमि प्राप्त करने और धनराशि की व्यवस्था करने की कार्रवाई की जा रही है ।

1.4 दुकानों के निर्माण तथा आवंटन की जिलेवार जानकारी परिशिष्ट–चार पर है ।

2 राजीव गांधी आश्रय योजना

योजनांतर्गत प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में वर्ष 1998 में 1,46,687 स्थाई और 20528 अस्थाई (कुल 1,67,215) पटटे बांटे गए । इसी प्रकार नगरों के पॉच किलोमीटर के दायरे में 30383 स्थाई और 4999 अस्थाई (कुल 35382) पटटे पूर्व में बांटे गये थे इसके बाद राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार मार्च 2004 की स्थिति में 27,882 स्थायी, 4277 अस्थायी इस प्रकार कुल 32159 पट्टे वितरित किये गये हैं

3. पर्यावरण सुधार योजना

इस योजना में नगर पंचायतों के क्षेत्राधिकार में बसी मलिन बस्तियों के

रहवासियों को पेयजल, नाली, सड़क, बिजली और सार्वजनिक शौचालय की सुविधा देने की व्यवस्था है । गत वर्ष इस योजना पर रूपये 141.17 लाख खर्च किये गये और इस योजना का लाभ 17646 लोगों को मिला । इस वर्ष मार्च 2004 तक योजना के तहत रूपये 169.42 लाख के व्यय द्वारा 21178 लोगों को लाभान्वित किया गया ।

4. भोपाल स्लम नेटवर्किंग योजना

4.1 प्रदेश सरकार ने भोपाल शहर की 267 झुग्गी बस्तियों में बुनियादी नागरिक सुविधाएं जुटाकर उन्हें शहर की नागरिक अधोसंरचना से समेकित करने का निर्णय लिया है । योजनांतर्गत किसी भी झुग्गी को उसके वर्तमान स्थान से हटाया नहीं जायेगा ।

4.2 भोपाल शहर में लगभग 80000 परिवार झुग्गी झोपडियों में रहते हैं । शहर में राजीव गांधी आश्रय योजना के अंतर्गत 8679 झुग्गी वासियों को अस्थाई और 22203 झुग्गीवासियों को स्थाई पटटे आवंटित किये गये हैं ।

4.3 योजना के पहले चरण में 5000 परिवारों की बसाहट में रूपये 4.5 करोड की लागत से 2 वर्ष में विकास कार्य पूर्ण कराया जावेगा । द्वितीय चरण में रूपये 154.00 करोड की लागत से 75000 परिवारों को लाभांवित किया जावेगा । विकास कार्य में 7 से 9 वर्ष लगना संभावित है ।

4.4 इस योजना के क्रियान्वयन का दायित्व नगर निगम भोपाल को सौंपा गया है । योजना के प्रथम चरण के क्रियान्वयन के निर्माण उन 6 झुग्गी बस्तियों में शुरू हो गये हैं जिनका पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में चयन किया गया है । प्रथम चरण में होने वाले विकास कार्यो के लिये राज्य शासन द्वारा अब तक रूपये 80 लाख की राशि नगर पालिक निगम भोपाल को उपलब्ध कराई जा चुकी है । जिन 6 झुग्गी बस्तियों में काम शुरू हो चुका है वे (1) राहुलनगर, पम्पापुर (2) जयभीम नगर/दुर्गानगर (3) इन्दिरा नगर (4) जाटखेडी (5) सत्यसायी नगर (6) छत्तीसगढ बस्ती,हैं ।

(स) प्रदेश सरकार के अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम और योजनायें

5. एशियाई विकास बैंक से सहायता

5.1 प्रदेश के 6 बड़े शहरों यथा इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और रतलाम शहरों में अधोसंरचना के विकास, पर्यावरण सुधार एवं नगर निगमों की प्रबंधकीय क्षमता बढ़ाने के लिए विभाग ने एशियाई विकास बैंक से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बारे में वर्ष 2001 में पहल की थी । एशियाई विकास बैंक ने इसके लिए माह नवम्बर 2001 में रूपये 5.29 करोड़ की लागत से ''प्रोजेक्ट प्रीपेटरी

टेक्नीकल एसीसटेंस'' (PPTA) का अनुदान प्रदान कर माह मई 2002 में जी.एच.के. इन्टरनेशनल, लंदन (यू.के.) को कन्सलटेंट नियुक्त किया था । कन्सलटेंट द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माह मार्च, 2003 में अपना प्रतिवेदन एशियाई विकास बैंक को प्रस्तुत किया गया ।

5.2 कन्सलटेंट द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर विभाग द्वारा वित्त विभाग की सहमति से ''एड–मेमायर'' पर दिनांक 12.7.2003 को सहमति दी गई थी । जिसके आधार पर एशियाई विकास बैंक ने ''केपेसीटी बिल्डिंग फार प्रोजेक्ट मेनेजमेंट एण्ड कम्युनिटी मोबीलाईजेशन'' के लिए पुनः कन्सलटेंट नियुक्त कर दिया है । यह कन्सल्टेंट माह सितम्बर, 2003 से चयनित शहरों में परियोजनाओं के चयन, उनके विस्तृत प्राक्कलन तैयार करने और उनके क्रियान्वयन के लिए विशेषज्ञ कन्सलटेंट के चयन और संबंधित नगरपालिक निगमों के अमले को प्रशिक्षित करने की दिशा में अपना कार्य कर रहा है ।

5.3 इस बारे में राज्य शासन द्वारा बैंक और भारत सरकार के साथ माह नवम्बर, 2003 में त्रि–पक्षीय अनुबंध हस्ताक्षर किया गया है । जिसके अनुसार प्राप्त होने वाला ऋण राज्य शासन को 70 प्रतिशत ऋण एवं 30 प्रतिशत अनुदान के रूप में भारत सरकार के माध्यम से प्राप्त होगा । ऋण का पुर्नभुगतान प्रथम 5 वर्षो के बाद 20 वर्षो में किया जावेगा । परियोजना का क्रियान्वयन संबंधित नगरपालिक निगम द्वारा किया जायेगा और प्रदेश स्तर पर परियोजना का पर्यवेक्षण और क्रियान्वयन करने का दायित्व नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का होगा । इसके लिए राज्य सरकार ने संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के अधीन ''प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट'' का गठन कर दिया है ।

5.4 एशियाई विकास बैंक की सहायता से चयनित शहरों में जल आपूर्ति, जलमल का प्रवाह और स्वच्छता, निकास नालियां और ठोस अपशिष्ट निपटान का प्रबंध और परिवहन व्यवस्था सहित नागरिक सहभागिता के कार्य किये जायेगें । स्वीकृत परियोजना कुल रूपये 303.5 मिलियन डॉलर (अनुमानित रूपये 1500 करोड़) की है जिसमें विभिन्न स्त्रोतों से निम्नानुसार धनराशि प्राप्त होगी :–

(1)	एशियाई विकास बैंक	–	200.00 मिलियन डॉलर (अनुमानित रू. 1000 करोड़)
(2)	यू.एन.हेबीटेट	–	0.5 मिलियन डॉलर (अनुमानित रू. 00.25 करोड़)
(3)	मध्यप्रदेश शासन का अंशदान	–	50.6 मिलियन डॉलर (अनुमानित रू. 253.00 करोड़)
(4)	परियोजना शहर का अशंदान	–	52.4 मिलियन डॉलर (अनुमानित रू. 262.00 करोड़)

5.5 उपर्युक्तानुसार पूरी परियोजना के लिए काउंटरपार्ट फण्डिंग के रूप में राज्य सरकार को लगभग 253 करोड़ रूपये का अशंदान देना होगा । इस राशि की व्यवस्था 12 वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर विभाग को वर्ष 2004–2005 में मिलने वाले अनुदान से करना प्रस्तावित है ।

6. भोपाल शहर में 50000 आवासगृहों के निर्माण की योजना–

6.1 प्रवासी आवासहीन लोगों के लिये वाल्मिकी अम्बेडकर आवास योजनांतर्गत भोपाल शहर में 50000 आवासगृहों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है । इसके प्रथम चरण में 10000 मकानों के निर्माण के लिये निम्न निर्माण एजेंसियों का चयन किया जा चुका है :–

नगर निगम भोपाल	3200 आवासगृह
म.प्र.गृह निर्माण मंडल	2000 आवासगृह
म.प्र.सहकारी आवास संघ	3500 आवासगृह
भोपाल विकास प्राधिकरण	1300 आवासगृह

6.2 उपर्युक्त निर्माण एजेंसियों में से नगर निगम भोपाल के 1879 आवासगृहों के निर्माण की स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त हो चुकी है और आवासगृहों का निर्माण कार्य प्रगति पर है ।

6.3 आवास संघ ने 1214 आवासगृहों की योजना तैयार की है जिसकी स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त हो गई है राशि प्राप्त होना अपेक्षित है एवं नगर निगम ने 1063 आवासगृहों की एक अन्य योजना तैयार की है । ये दोनों योजनाएं भारत सरकार में स्वीकृति के लिये विचाराधीन है । इसी प्रकार भोपाल विकास प्राधिकरण ने 583 आवासगृहों की योजना तेयार कर ली है और म.प्र.गृह निर्माण मंडल द्वारा 600 मकानों की योजना तैयार की है । नगर निगम को छोडकर शेष एजेंसियों की योजनाओं में भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने पर निर्माण कार्य शुरू कराया जावेगा ।

7. भोपाल के लिए नर्मदा जल आवर्धन योजना

7.1 भोपाल शहर की वर्ष 2021 की पेयजल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा रूपये 300 करोड़ की लागत से नर्मदा नदी के जल स्त्रोत पर आधारित भोपाल जल आवर्धन योजना को दिनांक 12.दिसंबर .2003 को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है ।

7.2 वर्तमान में नगर निगम भोपाल द्वारा कोलार परियोजना बडे तालाब और टयूबवेल की सहायता से जल प्रदाय किया जा रहा है । किन्तु इन स्त्रोतों से उपलब्ध पेयजल भोपाल शहर की वर्ष 2006 तक की आबादी के लिए ही पर्याप्त हो सकेगा । इसे देखते हुए नर्मदा नदी से भोपाल के लिए पेयजल की दीर्घकालीन व्यवस्था की जाना ही एक मात्र विकल्प रह गया है ।

7.3 नेशनल हाइड्रो इलेक्ट्रीकल्स डेवलेपमेंट कार्पोरेशन द्वारा बनायी गयी इस परियेाजना को वर्ष 2009 तक क्रियान्वित किया जायेगा । योजना के क्रियान्वयन के लिए रूपये 100 करोड़ की राशि विशेष केन्द्रीय सहायता से , रूपये 100 करोड की राशि हडकों से ऋण के रूप में ली जायेगी तथा रूपये 100 करोड़ की शेष राशि राज्य सरकार द्वारा अपने स्त्रोतों से खर्च की जाना प्रस्तावित है । चालू वित्तीय वर्ष के बजट में इस योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रतीक प्रावधान भी कर लिया गया है । योजना के क्रियान्वयन के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय में एक सेल का भी गठन किया गया है ।

8. नगरों की जल प्रदाय योजनाएं

8.1 सामान्य जल आवर्धन योजना

नगरों की सामान्य जल आवर्धन योजना के अंतर्गत 20 हजार से अधिक आबदी वाले शहरों के लिए शासन का अनुदान 30 प्रतिशत और शासन/वित्तीय संस्था का ऋण 70 प्रतिशत के अनुपात में वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है । जबकि 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों के लिए शासन का अनुदान 70 प्रतिशत और शासन/वित्तीय संस्था से 30 प्रतिशत राशि ऋणके रूप में उपलब्ध कराई जाती है ।

वर्तमान में इसप्रकार की येाजनायें प्रदेश के 42 नगरों में क्रियान्वित की जा रही है । इनमें से 40 येाजनायें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा और भोपाल एवं देवास शहरों की योजनायें संबंधित निगमों के द्वारा क्रियान्वित की जा रही है ।

8.2 केन्द्र प्रवर्तित गतिवर्धित जल प्रदाय योजना

यह येाजना 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों के लिए है । योजना का वित्तीय स्वरूप निम्नानुसार है :–

1 भारत सरकार से 50 % अनुदान
2 राज्य सरकार से 45 % अनुदान
3 संबंधित निकाय का अंशदान 5 %

इस योजना के अंतर्गत वर्तमान तक प्रदेश के 155 नगरों का चयन किया गया है । इनमें से 149 नगरों की योजनायें भारत सरकार को तकनीकी अनुमोदन के लिए भेजी गई थी जिनमें से 128 नगरों की योजनाओं का तकनीकी अनुमोदन भारत सरकार से प्राप्त हो चुका है । 21 शहरों की येाजनाओं का तकनीकी अनुमोदन भारत सरकार से प्राप्त होना है । स्वीकृत योजनाओं में से 108 येाजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है तथा अभी तक कुल 33 नगरों की योजनायें पूर्ण होकर संचालित है । 36 योजनाओं का कार्य प्रगति पर है शेष शहरों की योजनायें बनाने और तैयार योजनाओं को क्रियान्वित करने के बारे में आवश्यक कार्रवाई प्राथमिकता के स्तर पर की जा रही है ।

9. <u>सिंहस्थ 2004 उज्जैन</u>

9.1 सिंहस्थ कुंभ महापर्व का आयेाजन पुण्य सलिला क्षिप्रा नदी के मनोहारी पूर्वीतट पर बसी पवित्र उज्जयिनी नगरी में पौराणिक काल से होता चला आ रहा है । यह महापर्व मध्यप्रदेश राज्य की गौरवशाली परम्परा का महत्वपूर्ण अंग है जो प्रति 12 वर्षो में एक बार कुंभ पर्व के रूप में आयेाजित होता है ।

9.2 सिंहस्थ महात्म्य अनुसार जब गुरू सिंह राशि में ओर सूर्य मेष राशि में आता है तब उज्जयनी में सिंहस्थ (कुंभ) का आयोजन होता है । इसी परंपरा अनुसार इस वर्ष सिंहस्थ मेला 5 अप्रेल 2004 को प्रथम शाही स्नान के साथ प्रारंभ होकर 4 मई 2004 को अंतिम शाही स्नान के साथ सफलतापूर्वक और निर्विघ्न रूप से संपन्न हो चुका है । इस महापर्व के दौरान दिनांक 19 और 24 अप्रेल को पर्व स्नान और दिनांक 5 तथा 22 अप्रेल और 4 मई को शाही स्नान भी आयोजित किए गए । सिंहस्थ 2004 मेले में लगभग 2.25 करोड श्रृद्वालुओं ने उज्जैन पहुंच कर मोक्षदायिनी क्षिप्रा में स्नान किया ।

9.3 सिंहस्थ 2004 में तीर्थ यात्रियों/साधु संतो आदि के क्षिप्रा तट पर निवास के दृष्टिगत सरकार द्वारा 2151.976 हेक्टर भूमि मेला क्षेत्र हेतु सुरक्षित की गई जिसकी अधिसूचना म.प्र.राजपत्र दिनांक 9 दिसंबर 1999 में प्रकाशित की गई ।

9.4 राज्य शासन द्वारा सिंहस्थ से संबंधित कार्यो की स्वीकृति आदि के बारे में निर्णय लेने और विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्यो की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में मंत्रि परिषद समिति का गठन किया गया । इसके अलावा केन्द्रीय समिति, स्थानीय समिति और उप समितियों का भी गठन किया गया जिनमें शासकीय अधिकारी और जनप्रतिनिधिगण भी सदस्य नियुक्त किए गए । इन समितियों के अलावा स्वयं मुख्यमंत्रीजी, मुख्य सचिव, मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास (केवल सिंहस्थ 2004 कुभ मेला संबंधी कार्य), प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास और आयुक्त उज्जैन संभाग द्वारा भी सिंहस्थ की तैयारियों की सतत समीक्षा

और पर्यवेक्षण किया जाता रहा ।

9.5 इस महापर्व की तैयारी के लिए राज्य शासन द्वारा लगभग रूपये 302.00 करोड़ की कार्य योजना स्वीकृत की गई है । कार्य येाजना में विभिन्न विभागों से संबंधित 571 महत्वपूर्ण कार्य स्वीकृत किए गए है । उज्जैन संभाग के अतिरिक्त आसपास के जिलों यथा इंदौर, देवास, खण्डवा (ओंकारेश्वर), खरगौन (महेश्वर) , मंदसौर आदि में आनेवाले श्रृद्वालुओं को मूलभूत सुविधाएं, यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रस्तावित कार्य भी सिंहस्थ की कार्ययोजना में सम्मिलित किए गए ।

9.6 राज्य शासन का यह प्रयास रहा कि इस महापर्व में सम्मिलित होने वाले साधु संतो/तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों को सभी बुनियादी नागरिक सुविधाएं सुलभ हो साथ ही उज्जैन शहर में महापर्व के अवसर पर तीर्थयात्रियों के बढते दबाव के कारण उज्जैन के आम नागरिकों को भी कोई असुविधा न हो और उनका जीवन सामान्य बना रहे ।

9.7 पर्व की व्यवस्था के लिए तैयार की गई कार्ययोजना में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और दुर्घटनाओं से बचाव की दृष्टि से उज्जैन के 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की परिधि में बाहरी और अंदरूनी रिंग रोड का निर्माण, पंचक्रोशी मार्ग का निर्माण, यात्रियों की सुविधा और साधु संतो और उनके अनुयायियों के ठहरने आदि के लिए उज्जैन के आसपास 7 सैटेलाईट उपनगरों की येाजना, नए उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण, नए घाटों का निर्माण और पुराने घाटों/मंदिरों का जीर्णोद्वार, कुडों की सफाई, क्षिप्रा नदी में सिंहस्थ के दौरान स्नान हेतु पानी की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता के दृष्टिगत नदी के उदगम से उज्जैन तक 9 नए स्टापडेमों और पैण्टून ब्रिजों का निर्माण, पेयजल प्रदाय की व्यवस्था, शहर की साफ–सफाई, शोचालयों की व्यवस्था उज्जैन को जोडने वाले सभी मार्गो का सुधार निर्माण चोडीकरण सौन्दर्यीकरण आदि, स्वास्थ्य सुविधा की दृष्टि से उज्जैन में ट्रामा यूनिट वाले अस्पताल का निर्माण और उपनगरों में अस्थाई चल चिकित्सालयों की व्यवस्था आदि अनेक महत्वपूर्ण कार्य सम्मिलित किए गए । सभी कार्य निर्धारित मानकों, उत्तम गुणवत्ता और निर्धारित कैलेण्डर अनुसार समय सीमा में पूर्ण करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई ।

9.8 विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उज्जैन के कैम्प कर निर्माण कार्यो की प्रगति और यथा समय उनके क्रियाशील होने की समीक्षा की जाती रही । और सुरक्षा व्यवस्था के लिए मेले के दौरान यातायात के लिए पुलिस होमगार्ड के जवान सी. आई.एस.एफ. की 11 कम्पनियां साफ सफाई व्यवस्था के लिए लगभग 5 हजार सफाई कर्मी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और अन्य विभागों के लगभग 25 हजार कर्मचारियों ने सतत अत्यन्त निष्ठापूर्वक अपनी सेवाएं अर्पित की । विभिन्न नगरीय निकायों के 67 अग्निशमन वाहन मय अमले के नगर पालिक निगम उज्जैन में संलग्न किए गए थे । उपलब्ध कराये गये फायर वाहन 14 फायर

स्टेशनों पर 24 घंटे तैनात रहे । सिंहस्थ के दौरान हुए अग्नि काण्डों पर इस व्यवस्था के कारण त्वरित निराकरण किया जा सका । इसके अलावा विभाग ने पर्याप्त संख्या में जे.सी.बी. मशीन, डम्पर, फागिंग मशीने , टैक्टर ट्राली आदि उज्जैन में संलग्न किए । मेला क्षेत्र में लगभग 22 हजार अस्थाई शौचालयों, मूत्रालयों, स्नानागारों और वस्त्र परिवर्तन कक्षों का भी निर्माण किया गया ।

9.9 सिंहस्थ 2004 मेले के दौरान साधु संतो के अखाडों और गैर सरकारी संगठनों को मेले की अवधि के दौरान निशुल्क भूखण्ड पेयजल और विद्युत प्रदाय करने की भी व्यवस्था की गई ।

9.10 सिंहस्थ 2004 के प्रचार प्रसार के लिये बेबसाई भी तैयार की गई जिस पर ऋद्वालुओं को ऑन लाईन भस्म आरती दिखाए जाने की व्यवस्था की गई ।

9.11 मेले के दौरान अभूतपूर्व यातायात सुरक्षा और भीड प्रबंधन की व्यवस्था, उत्कृष्ट स्तर की साफ सफाई व्यवस्था, बीमारियों की रोकथाम, कीटनाशकों का छिडकाव, शुद्ध पेयजल और निर्बाध विद्युत आपूर्ति और खाद्य और अन्य आवश्यक सामग्रियों की समुचित मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की गई । इसके अलावा मेला क्षेत्र और अन्य दर्शनीय स्थलों/ मंदिरों घाटों के आसपास और उज्जैन शहर में सडको के निर्माण, चौडीकरण, चौराहा विकास, बैरिकेडिग, मेला क्षेत्र में पाईप लाईन बिछाई जाना, सीवर लाईन की सफाई एवं मरम्मत, रोड साइनेज लगाना आदि जन सुविधा के अनेक कार्य संपादित किए गए । राज्य शासन द्वारा यथा समय की गई इन व्यवस्थाओं के कारण सिंहस्थ 2004 मेला अत्यन्त सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

10. ठोस अपशिष्ठ का निपटान

प्रदेश के बडे शहरों में ठोस अपशिष्ठ से खाद संयंत्र/विद्युत संयंत्र के निजि क्षेत्र की भागीदारी से स्थापना के प्रयास किये जा रहे हैं । विवरण निम्नलिखित अनुसार है :–

